# ट्रक का वजन भी नहीं सह पाई लाखों की सड़क

## ग्राम सुनवारा में लाखों की लागत से बनी सड़क हुई धराशाही, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**सिवनी नवभारत। जिला सिवनी के आदिवासी विकासखंड धनौरा के अंतर्गत आने वाली सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सुनवारा में हाल ही में बनी सड़क का बुरा हाल देखने को मिला है। हाल ही में बनी ग्राम सुनवारा की नई सड़क एक ट्रक के गुजरते ही धंस गई। जिससे ट्रक का पिछला हिस्सा नाली में जा फसा। इस घटना ने न सिर्फ निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए, बल्कि लाखों की लागत से बनी इस सड़क की सच्चाई भी सामने ला दी।**



जल संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण दिल्ली में सम्मानित किया गया ग्राम पंचायत सुनवारा के सरपंच रामसिंह उइके को लेकिन सुनवारा पंचायत के विकास कार्यों को देखा जाए तो दिल्ली में सम्मानित सरपंच की पंचायत में सड़क घोटाला लाखों रुपए के सीसी रोड़ में धंस गया डंफर और उस सीसी रोड पर निमार्ण कार्य एजेंसी का बोर्ड भी नहीं बनवाया गया पंचायत के द्वारा

ग्रामीणों के अनुसार बताया गया कि इस सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार पप्पू खान के द्वारा कराया गया था जबकि इस कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य के एक वर्ष भी नहीं हुए हैं और इस सड़क के हालात ख़राब हो चुकी है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि, ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की नींव कमजोर बताई जा रही है, जिसके कारण यह घटना घटित हुई।

### कमीशन खोरी ठेकेदारी प्रथा

जनपद पंचायत धनोरा में मोटी कमीशन और ठेकेदारी प्रथा से नहीं मिल रही निजात सुनवारा के मुख्य मार्ग से बनी सीसी रोड़ जहां पर सरपंच रामसिंह उइके, सचिव नेपाल सिंह राठौर और ठेकेदार पप्पू खान की मिलीभगत से कमीशन की भेंट चढ़ गई जहां कमीशन इतना रहा की रोड़ 4 महिने भी नहीं चली और इस रोड़ की सही जांच हो जाएं तो सभी कमीशन खोरों की पोल खुल सकती है

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि, सड़क निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के खिलाफ दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए और निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की जाए। यह घटना निर्माण एजेंसी और प्रशासन दोनों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है

राज्यस्तरीय मोगली बाल उत्सव का भव्य शुभारंभ, 55 जिलों से पहुँचे प्रतिभागी

# विद्यार्थियों ने जंगल सफारी का लिया रोमांचक अनुभव

**सिवनी नवभारत। सोमवार 27 अक्टूबर को राज्यस्तरीय मोगली बाल उत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। सिवनी विधायक दिनेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत तथा कैंप कमांडर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे की उपस्थिति में बघीरा समूह के 113 मोगली मित्रों को प्रातः 6:30 बजे हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी के लिए रवाना किया गया, जिसके साथ उत्सव का औपचारिक आगाज हुआ।**





विधायक श्री राय ने मोगली मित्रों को वन्यजीव, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश देते हुए शुभकामनाएँ दीं। मोगली मित्रों के साथ 21 जिलों की मार्गदर्शी शिक्षिकाएँ, सहजकर्ता तथा वन विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। वन विभाग के सहयोग एवं पर्यवेक्षण में 22 जिप्सी वाहनों से बच्चों ने पेंच टाइगर रिज़र्व के कोर एरिया में जंगल सफारी की, जहाँ उन्होंने संरक्षित वन की पारिस्थितिकी तंत्र का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। बच्चों ने चीतल, सांभर, लोमड़ी, हिरण, मोर एवं विभिन्न पक्षियों को नज़दीक से देखा। कुछ मोगली मित्रों को टाइगर, उसके दो शावकों और मादा तेंदुए भी दिखाई दिए।

सफारी के दौरान अलीकट्टा के अल्पविराम स्थल पर जलपान के पश्चात वन विभाग द्वारा आयोजित पर्यावरण क्विज़ में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दूसरे समूह 'बालू' के 97 बच्चों ने सहजकर्ताओं व वन विभाग के साथ ट्रेज़र हंट एवं हैबिटेट सर्च गतिविधियों में भाग लिया, जबकि तीसरे समूह 'का' के 94 मोगली मित्रों ने नेचर ट्रेल में भाग लेकर जंगल की वनस्पतियों, जैवविविधता और पर्यावरणीय संतुलन को समझा। प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ इसके अलावा ग्राम टूरिया भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने 1930 में हुए जंगल सत्याग्रह की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का अवलोकन किया और क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास से परिचित हुए। दोपहर की गतिविधियों के अंतर्गत जैवविविधता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, एप्को द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा, तथा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शिक्षक संघ की बैठक

जबलपुर, नवभारत। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभागीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संपन्न हुई। इस मे जबलपुर संभाग के सभी नौ जिलों से आए मप्र शिक्षक संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने शिक्षकों? व शिक्षा की तमाम समस्याओं को रखकर उनके समाधान की रणनीति तैयार की इस मौके पर संघ के सदस्यता अभियान 2025 की समीक्षा जिलों मे शिक्षक सदन निर्माण, बी एड प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास व अन्य मुद्दे पर चर्चा हुई।

# गोपाष्टमी पर सत्यनारायण व्रत कथा 29 को

**सिवनी नवभारत।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान सत्यनारायण जी एवं मां गंगा जी की असीम कृपा से कार्तिक मास की तिथि गोपाष्टमी दिनांक 29/10/2025 दिन बुधवार को बैनगंगा तट (लखनवाड़ा) में सत्यनारायण व्रत कथा का भव्य आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

कार्तिक मास गोपाष्टमी के पर्व पर बैनगंगा के पावन तट पर कृष्ण मंदिर महिला मंडल समिति एवं सिवनी क्षेत्र की समस्त महिला मण्डल के द्वारा सत्य नारायण व्रत कथा का आयोजन किया जाता है। इस बार दिनांक29/10/25, दिन बुधवार को भी गोपाष्टमी के पावन पर्व पर सत्यनारायण व्रत कथा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही मां वैनगंगा जी की आरती पूजन, गो पूजन, गीता पाठ, आँवला पूजन, तुलसी पूजन, सत्यनारायण भगवान पूजन एवं कथा का वाचन लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रधान पूजारी हेमन्त त्रिवेदी एवं सहयोगी ब्राह्मणों के द्वारा सम्पन्न होगा तथा बैनगंगा मां को चुनरी भेंट की जावेगी ढ्व पूजन पश्चात् महाप्रसाद का वितरण किया जावेगा। नागरिको से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई हैं।

## कबड्डी प्रतियोगिता एवं मढई का आयोजन 2 को

छपारा नवभारत। नगर से लगभग सत्रह किलोमीटर पूर्व दिशा में स्थित धनौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर के ग्राम थांवरी टोला (बाबाटोला) में आगामी 02 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती के चलते महाराजा शंकर शाह समिति द्वारा एक दिवसीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता और विशाल मड़ई मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर समिति द्वारा बड़े ही जोर शोर तैयारी कि जा रही है।

### एक नजर में

## मां नर्मदा संवाद एवं दिव्य दर्शन आज

दादा गुरु पहुंचेंगे बैंनगंगा नदी पुल घाट



छपारा। नगर के बैनगंगा नदी तट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में माँ नर्मदा संवाद एवं दिव्य दर्शन का कार्यक्रम अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु के सानिध्य में मंगलवार 28 शाम के समय 7-30 बजे से आयोजित किया जाना है। विदित हो कि आयोजन समिति और माँ बैनगंगा महाआरती समिति ने सभी नगर वासियों से इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है। आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु मां नर्मदा के उपासक हैं और कई वर्षों से निराहार रह कर सिर्फ नर्मदा के जल का सेवन कर साधना कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में दादा गुरु द्वारा माँ नर्मदा संवाद भी होगा, जिसमें नर्मदा नदी के महत्व और उससे जुड़े आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा होगी, यह आयोजन नगर लक्ष्मी नारायण मंदिर (गोल्डन टेंपल) में आज मंगलवार शाम 7.30 बजे हो रहा है, जहाँ पहुंच कर श्रद्धालु इस दिव्य दर्शन और संवाद में भाग भी ले सकते हैं।

## अधिवक्ता संघ चुनाव : नाम वापिसी की आज तक





सिवनी। जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के होने जा रहे द्विवर्षीय चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शाम 3 बजे तक सभी पदों को लिये कुल 25 अधिवक्ताओं ने नामांकन फार्म संघ कार्यालय से लिये गये तथा कार्यालय समय समाप्ति तक जमा किये गये फार्म में से अध्यक्ष पद हेतु कुल चार अधिवक्ताओं ने फार्म जमा किये उपाध्यक्ष पद हेतु 3 अधिवक्ताओं ने फार्म जमा किया सचिव पद हेतु 3 अधिवक्ताओं ने नामांकन फार्म जमा किया सहसचिव पद हेतु 1 फार्म जमा किया कोषाध्यक्ष हेतु 3 अधिवक्ताओं ने कार्यकारिणी 10 अधिवक्ताओं ने फार्म जमा किया उपरोक्त सभी पदों के प्राप्त आवेदनों में 1 कार्यकारिणी का फार्म अवैध पाये जाने से निरस्त किया गया शेष सभी पदों के फार्म सूची अनुसार वैध पाये गये। आज 28 अक्टूबर को दोप. 3 बजे तक जो भी अधिवक्ता अपना नाम बापस लेना चाहता है वह ले सकता है।

## धूमा में सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम आज



सिवनी। कलचुरी कलार समाज की आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु कार्तवीर अर्जुन जी की जयंती कार्यक्रम यूतो संपूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाता है इसी क्रम में कलार समाज धूमा में जयंती महापर्व 28 अक्टूवर दिन मंगलवार को शाम 4 बजे धूमा नगर में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें धूमा नगर के सामाजिक जनों ने अन्य सामाजिक बंधुओ से उपस्थिति की अपील की है साथ ही कार्यक्रम में पिछले कई वर्षों मे दिवंगत हुए स्थानीय सामाजिक जनों के लिए श्रद्धांजलि सभा में सहानुभूति स्वरूप परिजनों के छायाचित्र भेंट किया जाना व भगवान सहस्त्रबाहु की पूजन अर्चन महा आरती सामाजिक भोज भंडारा प्रसाद के साथ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने हैं जिसमें सामाजिक जनों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की जाती है

# 3 .34 करोड़ के स्टेडियम का पैसा खनिज विभाग का, श्रेय लेने की होड़ में नगर परिषद

**लखनादौन नवभारत। लखनादौन में 3.34 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मिनी स्टेडियम के लिए हाल ही में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। लेकिन इस स्वीकृति की ख़बर प्रकाशित होते ही स्थानीय नगर परिषद लखनादौन द्वारा इसका पूरा श्रेय लेने की राजनीति शुरू हो गई है। नगर परिषद के सहयोगी इसे अपनी महत्वाकांक्षी योजना और बड़ी सौगात बताकर जनता के बीच वाहवाही लूट रहे हैं।**

स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से यह प्रकाशित किया गया की यह स्टेडियम लखनादौन नगर परिषद की जनता की लंबे समय से चली आ रही माँग का परिणाम है। स्थानीय निकाय के रूप में, नगर परिषद इस जनहित की माँग को पूरा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका मानते हैं। लखनादौन नगर परिषद ने डीएमएफ फंड से स्वीकृत 3.34 करोड़ रुपये के मिनी स्टेडियम को स्वयं के प्रयासों से लाया गया% बताकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना शुरू कर दिया है। अध्यक्ष का यह दावा कि यह काम उनके माध्यम से संभव हुआ है, एक निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में उनके कर्तव्य और सरकारी व्यवस्था के बीच के अंतर को धुंधला करने का प्रयास है।हालांकि, सरकारी दस्तावेज़ इस दावे की पोल खोलते हैं। यह 3.34 करोड़ रुपये की राशि नगर परिषद के अपने बजट से नहीं, बल्कि जिला खनिज प्रतिष्ठान सिवनी द्वारा आवंटित की गई है। स्टेडियम का निर्माण मध्यप्रदेश जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम, 2016 के तहत ष्ठरूस्न के फंड से हो रहा है। ष्ठरूस्न फंड खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए खनिज पट्टेदारों से वसूले गए उपकर से बनता है। इस परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला खनिज प्रतिष्ठान सिवनी के हस्ताक्षर से जारी हुई है। इतना ही नहीं, यह स्वीकृति भी अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग, भोपाल से प्राप्त उच्च स्तरीय अनुमोदन के बाद दी गई है।

नगर परिषद अध्यक्ष का तर्क है कि जनता की लंबे समय से चली आ रही माँग को पहचानना, उसका प्रस्ताव बनाना, उसे जिला खनिज प्रतिष्ठान (ष्ठरूस्न) तक पहुँचाना और उच्च अधिकारियों के सामने लगातार पैरवी करना ही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। वे यह कहकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं कि बिना उनके व्यक्तिगत प्रयास के यह फंड लखनादौन तक नहीं पहुंचता। हालांकि, यह दावा सत्य पर पर्दा डालने जैसा है। यह परियोजना इसलिए स्वीकृत हुई, क्योंकि यह मध्यप्रदेश जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम, 2016 के तहत लखनादौन की पात्रता में आती है, न कि अध्यक्ष की मेहरबानी से

सवाल सीधा है कि लखनादौन नगर परिषद के अध्यक्ष अगर इतने ही प्रभावी हैं कि 3.34 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट स्वयं के प्रयासों से लेकर आ सकते हैं, तो वह अपने प्रयासों से उस प्रोजेक्ट को बनवा क्यों नहीं रहे? अगर फंड लाने का श्रेय उनका है, तो निर्माण कार्य क्यों लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया गया? डीएमएफ फंड पर व्यक्तिगत उपलब्धि का ठप्पा लगाकर, लखनादौन नगर परिषद अध्यक्ष एवं उनके सहयोगी न केवल जिला प्रशासन की मेहनत को नकार रहे हैं, बल्कि यह संदेश दे रहे हैं कि सरकारी विकास कार्य नियमों से नहीं, बल्कि नेताओं की सिफारिश से होते हैं।

स्थानीय नागरिक और राजनीतिक विरोधी ने तीखे लहजे में कहा, अध्यक्ष को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्होंने अपनी परिषद के बजट से इस स्टेडियम में कितना पैसा लगाया है। अगर ष्ठरूस्न के फंड से मिले 3.34 करोड़ पर भी वह अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, तो यह नैतिकता का पतन है। सरकारी विकास कार्यों को व्यक्तिगत या पार्टीगत उपलब्धि बताकर जनता की आंखों में धूल झोंकने की यह राजनीति तुरंत बंद होनी चाहिए।

# आज अष्टमी पर छींदा में मड़ई विशाल अहीरी नृत्य प्रतियोगिता



**सिवनी नवभारत।** केवलारी के समीपस्थ ग्राम छींदा में आज 28 अक्टूबर 2025 को विशाल अहीरी मडई नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। अहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर, गौठान मढ़ छींदा में होगी। जिसमें क्षेत्रीय और जिले से बाहर से आई यदूवंशी समाज की टीमें हिस्सा लेकर अपनी पारम्परिक वेशभूषा के साथ अपनी नृत्य की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र में अभिरुचि रखने वाले ग्राम छींदा के यादव समाज के स्वजनों और समस्त ग्रामवासियों के सौजन्य से रखा गया है। जिसमें आहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता में विराजी टीमों की हौसला अफजाई के लिए पुरस्कार स्वरूप नगद राशि देने की व्यवस्था नृत्य प्रतियोगिता आयोजन समिति द्वारा की गई है। प्रथम इनाम 11000/-, दूसरा ईनाम 7100/-, तीसरा ईनाम 3100/- और 700 रुपए प्रत्येक टीम सांत्वना पुरस्कार के बतौर दिये जाने की व्यवस्था की गई है। आहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीमें निर्धारित प्रसंग, अवलोकन बिन्दु और नियमावली के आधार पर अपनी नृत्य कला को प्रस्तुत करेंगी और इसी आधार पर उनकों नम्बर दिये जायेंगे।

ग्राम छींदा में आयोजित विशाल अहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता में इस बार विशेष आमंत्रित अतिथि के रुप मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, मप्र शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, क्षेत्रीय विधायक ठा. रजनीश सिंह एवं पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह भी उपस्थित रहेंगे। ग्राम के यादव समाज के स्वजनों और ग्राम वासियों ने विशाल अहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता में ग्राम छींदा पहुंचने का निवेदन ग्राम और बाहर के लोगों से किया है।

# अवैध गैस सिलेंडर जप्त करने की कार्यवाही

**सिवनी नवभारत।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरई प्रशांत उइके के भ्रमण के दौरान ग्राम ग्वारी में ईश्वर पाल पिता राधेलाल पाल की दुकान पर अवैध रूप से 14 गैस सिलेंडर रखे पाए गए। यह सिलेंडर घरेलू उपयोग हेतु निर्धारित गैस सिलेंडर होने के बावजूद व्यावसायिक प्रयोजन के लिए रखे गए थे।



अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्रशांत उइके के निर्देशानुसार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुरई द्वारा मौके पर पहुंचकर सभी 14 सिलेंडरों को जप्त किया गया। मौके पर आवश्यक पंचनामा तैयार कर आगे की विधिक कार्यवाही प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का अवैध भंडारण या विक्रय कानूनन दंडनीय अपराध है। इस प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयाँ सतत जारी रहेंगी।

### ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

सिवनी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीतला पटले ने ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव तथा रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली। उन्होंने वेयरहाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों एवं सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की।

# प्रेम सौहार्द और सहयोग की भावना प्रेरणा दायक : प्राचार्य

**छपारा नवभारत।** वर्तमान महिला आदीवासी आईटीआई छिंदवाड़ा जिले में प्राचार्य एवं पूर्व में छपारा शासकीय आई टी आई कॉलेज के पूर्व प्राचार्य नलिन तिवारी का स्थानांतरण छिंदवाड़ा होने के बाद भी वह छपारा नगर के प्रति अपना लगाव नहीं भूल पाए, यहां पर उन्होंने लगभग आठ से दस वर्ष नौकरी की जिस दौरान उनके प्रयास से कॉलेज को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने जैसी गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त किया है। उनके कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के चलते उन्होंने छपारा वासियों सहित नगर के पत्रकार साथी, गणमान्य नागरिकों प्रशासनिक अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया।



साथ ही कुछ पंक्ति उन्होंने कही कि छपारा नगर की बात ही कुछ निराली है, यह नगर सदा मेरे हृदय में एक विशेष स्थान बनाए रखेगा। यहाँ के नागरिकों में परस्पर प्रेम, सौहार्द और सहयोग की जो भावना है, वह वास्तव में अद्वितीय और प्रेरणादायक है। साथ ही व्यक्तिगत रूप से मुझे यहाँ जो स्नेह, सम्मान और सहयोग मिला, वह मेरे जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। सभी के सामूहिक प्रयास, समर्थन और समर्पण से हमने छपारा आईटीआई कॉलेज को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने जैसी गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी यह पूरे नगर के लिए गर्व का बात थी।

कॉलेज परिसर में मनमोहक वॉल पेंटिंग्स, झूला घर, बेबी फीडिंग रूम, तथा 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत सीताफल स्कल्पचर का निर्माण हमारे नगर की विशिष्ट पहचान को और सुदृढ़ करता है।आकर्षक स्ट्रीट लाइट, वातानुकूलित स्मार्ट क्लासरूम, रमणीय उद्यान का निर्माण, और छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण, औद्योगिक भ्रमण एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था ने इस संस्थान को आधुनिक शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बना दिया है।

नगर के लिए गर्व की बात है कि इस कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर विदेश मंत्रालय से लेकर देश की नवरत्न कंपनियों तक में अपनी सेवाएँ देकर छपारा का नाम रोशन किया है।

**आयोजन** | जब भी मानवता संकट में होती है, तब ईश्वर स्वयं उसे मुक्त करने आते हैं

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, जमकर झूमे श्रद्धालु

**सिवनी नवभारत।** नगर के कबीर वार्ड डूंडासिवनी केंद्रीय विद्यालय के समीप साई नगर दिलबाग नगर में क्षेत्र की समस्त महिला मंडल द्वारा संयुक्त रूप से कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया।



कथा स्थल को फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया था। कथा वाचक पंडित दिनेश मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब अधर्म और अन्याय पृथ्वी पर बढ़ गया, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के घर आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनर्स्थापना की। उन्होंने बताया कि कारागार में भगवान का अवतरण केवल एक दिव्य घटना नहीं बल्कि यह संदेश है कि जब भी मानवता संकट में होती है, तब ईश्वर स्वयं उसे मुक्त करने आते हैं। कथा के दौरान जैसे ही जन्म प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर उत्सव का स्वागत किया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झाँकी अत्यंत मनमोहक रही। झूले में लड्डूगोपाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। महिलाएँ और बच्चे भक्ति गीतों पर नृत्य करते नजर आए। भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने रासलीला के प्रसंगों का आनंद लिया। इस दौरान कथा स्थल का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और आनंदमय हो गया।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुँच रहे हैं। जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष भोग लगाया गया जिसमें माखन-मिश्री, फल-मिष्ठान और पंचामृत प्रमुख रहे। कथा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती की गई और दीप प्रज्वलन के साथ भक्तों ने प्रभु से लोककल्याण की कामना की। चौथे दिन के इस जन्मोत्सव समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, महिलाएँ, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।


